हिण्डौन सिटी में तीसरे दिन 40 प्रत्याशियों ने 46 नामांकन भरे

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। आगामी 15 दिसंबर को आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के तीसरे दिन 40 प्रत्याशियों ने 46 नामांकन फार्म जमा कराएं।

रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अनूप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 दिसंबर को हिंडौन पंचायत समिति के 29 वार्ड के सदस्यों के लिए चुनाव होगा। जिसके लिए गत 29 नवंबर से नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस दौरान तीसरे दिन बुधवार को सभी 29 वार्डों में से 21 वार्डों में 40 प्रत्याशियों 46 नामांकन फॉर्म जमा कराए हैं। जिसमें वार्ड नंबर 1से 4, 2 से 2, 3 से 1, 4 से 2, 7 से 3, 9 से 3, 10 से 1, 11 से 1, 12 से 1, 13 से 5, 16 से 5, 17 से 2, 18 से 2, 19 से 3, 20 से 1, 21 से 1, 22से 2, 23 से 2, 25 से 1,27 से 3, 29 से 2 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म जमा कराए हैं। वहीं वार्ड नंबर 5, 6, 8, 14, 24 व 26 वार्डो से कोई नामांकन फॉर्म जमा नहीं हुआ है। इस दौरान प्राप्त हुए 40 नामांकन फॉर्म में कांठोस पत्याशी के रूप में 19, भाजपा प्रत्याशी के रूप में 8, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 15 और बसपा प्रत्याशी के रूप में 4 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म जमा कराए हैं स्तर है। उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर में दिनभर प्रत्याशी और उनके समर्थकों की भीड़ भाड़ रही। भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपखंड अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट से पहले ही बैरिकेड लगा दी गई हैं। जहां पुलिस जाब्ता भी तैनात है।

यहां से वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। जिससे कार्यालय परिसर के अंदर ज्यादा भीड़ भाड़ जमा नहीं हो और अव्यवस्था नहीं फैले। इधर दिनभर संभावित प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ डीडराइटर, स्टांप वेंडर व चुनाव से संबंधित दस्तावेज तैयार करने वाले सलाहकारों के पास भीड़ लगी रही।

5 दिसंबर को आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्य चुनाव में 40 प्रत्याशियों ने 46 नामांकन फार्म जमा कराएं।

गुप्ता को मिला सेवक साहित्य श्री सम्मान

भरतपुर (निस) । महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के माध्यम से जीवन, साहित्य, समाज और संस्कृति की अमूल्य सेवा हेतु साहित्यिक संघ वाराणसी, उत्तर प्रदेश के 30 वें वार्षिक अधिवेशन में शनिवार को श्श्सेवक साहित्यश्री सम्मान-2021 से विभूषित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता को संस्था में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि साहित्यिक जगत में 1940 से भारतीय स्तर पर प्रतिष्ठित इस संस्था द्वारा दिया गया यह सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर प्रख्यात कथाकार डॉ.सुषमा मुनींद्र, राम नगीना मौर्य संस्था के अध्यक्ष पद्माकर चौबे, मंत्री डॉ. जितेंद्रनाथ मिश्र, कार्यक्रम संयोजक वासुदेव उबेराय के अलावा नीलमणि, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र नाथ मिस्र, ओम धीरज, हिमांशु उपाध्याय डॉ. कवींद्र नारायण श्रीवास्तव के अतिरिक्त बहु संख्या में साहित्यकार, विद्वान, पाठक और श्रोता मौजूद थे।

रोहतक की रजनी भारद्वाज ने खिताब जीता

भरतपुर (निस) । महारानी किशोरी बालिका व्यायामशाला एवं महिला कुश्ती प्रशिक्षण एवं महिला कुश्ती दंगल प्रबन्ध समिति के संयुक्त तत्वावधान में जघीना गेट स्थित राज मंदिर स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित हुए दो दिवसीय महारानी किशोरी भारत केसरी महिला दंगल में दूसरे दिन वुधवार को हुए भारत महिला केसरी के फाइनल में रोहतक की रजनी भारद्वाज ने रोमांचकारी संघर्षमय मुकावले में चरखी दादरी की रितु तंवर को पराजित कर विजेता का खिताब जीता। दंगल के आयोजकों द्वारा विजेता रजनी भारद्वाज को विजेता की गुर्ज पट्टा व नकद राशि भेंट की गई।

भारत केसरी के फाइनल मुकावले से पूर्व हुए सेमी फाइनल मुकावले में रजनी भारद्वाज ने जयपुर की सुमन शर्मा को व चरखी दादरी की रितु तंवर ने पंजाब की नेहा सिंह को पराजित किया। वहीं दूसरे दिन राजस्थान केसरी के खिताब के हुए फाइनल मुकावले में कडे संघर्ष में जयपुर की सुमन शर्मा ने गत वर्ष की राजस्थान व भारत केसरी रही भरतपुर की अन्नू को पराजित कर विजेता का खिताब जीता।

सार-समाचार

अन्तिम शासक सवाई कर्नल महाराजा बृजेन्द्र सिंह की जयंती मनाई

भरतपुर (निस) । भरतपुर रियासत के अन्तिम षासक सवाई कर्नल महाराजा बृजेन्द्र सिंह के 103वें जन्म दिवस पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने महाराजा को धर्म परायण, दानवीर व कुशल प्रशासक, सुयोग्य सांसद व विधायक के रूप में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा व खेलों में कुश्ती व हॉकी को भी बढावा दिया। इस अवसर पर आदित्य राज शर्मा पूर्व सचिव पीसीसी सदस्य, पीसीसी साहब सिंह चौधरी, पार्शद रामेश्वर सेनी, रमेश पाठक, नरेन्द्र चोधरी, जगदीश बंजी, बाबू सिंह रेंजर, सेवादल के बृजेश शर्मा, अर्जुन सिंह मलाह, ब्रजेष अऊ, भरत सिंह गादोली, प्रेम सिंह फौजदार, राजेश बाल्मीकि, उत्तम सेन, देवेन्द्र कुशवाह, रमेश सतीजा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर देशराज के इतिहास की जानकारी ली

भरतपुर (निस) । शोध जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित आजादी के 75वीं वर्षगाँठ इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत भरतपुर के स्वतंत्रता सेनानी लेखक व पत्रकार स्व. ठाकुर देशराज के गांव जघीना व लुधावई में जाकर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से शोध करने करने आए शोधार्थी सुभाष चंद्र शर्मा ,सुनील चौधरी हितेश शर्मा ने देशराज ठाकुर के परिजनों से मिलकर उनके जीवन के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनका स्वतंत्रता संग्राम तथा किसानों के उत्थान के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी जुटाई जिसमें उनकी पोत्री डॉ प्रीति एवं अरविंद पाल तथा लेखक रामवीर सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य संपन्न किया इस मोके पर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नितेश हन्तरा वा विभाग संयोजक कृष्णा भातरा उपस्थित रहे ।

सृष्टि भूषण माताजी का गंगापुर के लिए मंगल विहार

जैन समाज की उपस्थिति में जैन साध्वी सृष्टि भूषण माताजी का गंगापुर में मंगल विहार हुआ।

गंगापुर सिटी (नि.स)। सकल दिगम्बर जैन समाज के सानिध्य में 7 से 10 दिसम्बर तक दिगम्बर जैन मंदिर नसिया जी में होने वाले श्री मद् जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा कलशारोहण विश्व शांति महायज्ञ एवं रथयात्रा महोत्सव में सानिध्य प्रदान करने के लिए बुधवार को दिन के तीन बजे अतिशय क्षेत्र महावीर जी से आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की शिष्या सृष्टि भूषण माताजी का ससंघ मंगल विहार गंगापुर सिटी की ओर हो गया।

दिगम्बर जैन साध्वी संघ के साथ में गंगापुर जैन समाज के अध्यक्ष सुभाष जैन, आहार विहार समिति के प्रभारी डॉ मनोज जैन, नरेंद्र गंगवाल, अरिहंत बोहरा, डॉ. उषा सेठी, महावीर गोदा सहित सैंकडों की संख्या में जैन बंधु उपस्थित थे। 2 दिसम्बर गुरूवार को गंगापुर सिटी के लिए पद विहार प्रारंभ होगा। साध्वी संघ की आहारचर्या पीलोदा गांव में होगी व रात्रि विश्राम छोटी उदेई गांव में होगा। 3 दिसम्बर को साध्वी संघ सुबह 9 बजे गंगापुर सिटी में प्रवेश करेगा। इस अवसर पर साध्वी संघ का चरण प्रक्षालन करके आरती उतारी जायेगी।

हैण्डबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

सूरौठ (नि.सं.)। आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सूरौठ के प्रांगण में अंतर महाविद्यालय हैण्डबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को उद्घाटन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया ।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजस्थान जन उत्थान समिति के सचिव स्वदेश शर्मा व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एल एच पारधी व विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा व कोटा यूनिवर्सिटी कोटा से लगाए गए पर्यवेक्षक गणेश कुमार शर्मा, प्रशिक्षक मनेन्द, निर्णायक फूलचंद बैरवा प्रियकांत बेनीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे व आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक ओजस शर्मा व आयोजन सचिव रविंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतियोगिता मैं अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के चित्रपटल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पूर्व राजनयिक व समाजसेवी स्व. बृजमोहन शर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की शुरुआत कि गई। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता भेंट किया।

खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छात्राएं रवाना

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। इंटर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता 2021-2022 में हिस्सा लेने के लिए अठासेन कन्या महाविद्यालय हिण्डौन सिटी से एक दर्जन छात्राओं के दल ने बुधवार को रवानगी ली।

जानकारी के अनुसार कोटा यूनिवर्सिटी में 4 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अठासेन विहार कॉलोनी स्थित अठासेन कन्या महाविद्यालय से रस्सा कस्सी टीम में पूजा शर्मा, सीमा गुर्जर, सोनम बेनीवाल, प्रीती गुर्जर, प्रिया गुप्ता, कोमल गुर्जर, फूलवती, कशिश, मनीषा, नीतेश, टीनू , सुजाता, यशी एवं ताइक्वांडो टीम में प्रीती गुर्जर अंडर 53 भार वर्ग में भाग लेंगी रस्सा कस्सी प्रतियोगिता 2 दिसंबर को एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता 4 दिसंबर को आयोजित होंगी। खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम व महिला टीम कोच चंदा सोनी, ताइक्वांडो कोच रामबृज सिंह, महिला टीम मैनेजर यशस्वी सोनी, महिला टीम की खिलाड़ियों को स्टेशन मास्टर अशोक शर्मा, ओमप्रकाश,देवेंद्र, रामचरन गुप्ता ने शुभकामनाएं दी।

'स्थानीय स्तर पर ही आमजन की समस्या का हो समाधान'

■ **शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान के क्षेत्र में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**

भरतपुर, (का.सं.)। शिक्षा, मुद्रक एवं स्टेशनरी राज्यमंत्री जाहिदा खान का राज्यमंत्री बन प्रथम बार विधानसभा क्षेत्र कामां पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जन तक पहुंचाने के लिए वह सदैव तत्परता से कार्य करेंगे एवं संपूर्ण राज्य के विकास के लिए कटिबद्ध है। श्रीमती खान के विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर हरियाणा सीमा पर जोरदार स्वागत किया गया। बीवा बॉर्डर पर उपखंड अधिकारी संजय गोयल,विकास अधिकारी,उपाधीक्षक, थानाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के अलावा हजारों लोगों ने उनकी अगवानी की एवं अभिनंदन की श्रृंखला में उनको जगह-जगह पुष्प मालाएं एवं चांदी के मुकुट पहनाए गए तथा घोडा बग्गी में बैठाकर कस्बे में प्रवेश कराया। राज्यमंत्री का सीकरी चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया इसके बाद अमरूका चौराहे पर कुम्हेर के सिकरोरी पंचायत सरपंच राजीव शर्मा तथा कैथवाडा थानाधिकारी रामनरेश ने गुलदस्ता भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया तथा अमरूका चौराहे के बाद बोलखेड़ा स्वागत के बाद राज्यमंत्री ज्यादा खान कामा पहुंचकर नगर पालिका में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री श्रीमती खान ने कहा कि अब क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की धनराशि की कोई कमी आडे नहीं आएगी अब क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वह आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान स्थानीय स्तर पर ही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेवजह भरतपुर अथवा जयपुर किसी कार्य के लिए चक्कर न लगाने पडे जिससे आमजन का समय और पैसे की बर्बादी न हो।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कामां, नगर पालिका चेयरमैन गीता देवी, कामा प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि गणों सहित हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ताईक्वांडो स्वर्ण पदक विजेता का पूर्व विधायक ने स्वागत किया

गंगापुर सिटी (नि.स)। कोटा विश्वविद्यालय में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता अर्जुन मावई के गंगापुर सिटी आगमन पर जगह-जगह स्वागत व अभिनंदन किया गया। ताईक्वांडो में राज्य स्तर पर गंगापुर शहर का नाम ऊँचा करने वाले प्रतिभावान खिलाडी अर्जुन मावई का सोमवार दोपहर 12 बजे बाईपास स्थित पूर्व विधायक के निवास पर माला पहनाकर व शॉल उढाकर स्वागत किया गया साथ हीं भगवान कृष्ण की तस्वीर प्रतीक चिह्न के रूप भेंट की गई। पूर्व विधायक गुर्जर ने इस अवसर पर कहा की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मावई ने स्वर्ण पदक जीतकर गंगापुर का नाम रोशन किया। पूर्व विधायक ने कहा की हर समय विद्यार्थियों को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। जिससे की वो अपना अच्छा कैरियर बना सकें। उन्होंने खेलों से भी कैरियर बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुर्जर के अलावा रिटायर प्रिंसिपल श्याम लाल मीणा आदि मौजूद थे।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया

■ **3 वर्षों से 15 सूत्री मांग पत्र पर किसी भी प्रकार की कोई वार्ता नहीं हुई**

बामनवास (नि.स)। उपखंड मुख्यालय पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के नेतृत्व में संघ की मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया गया।

बृज किशोर शर्मा सम्भाग मंत्री भरतपुर राजस्थान ठााम विकास अधिकारी संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर आंदोलन के चरणों के तहत 29 एवं 30 नवंबर के चेतावनी प्रदर्शन के बाद दिनांक 1 दिसंबर से 3 दिसंबर के प्रदेश के सभीउपखंड अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर विरोध प्रदर्शनकिया। धरना देने वालों में ग्राम विकास अधिकारी संघ शिक्षक संघ ,पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, कृषि पर्यवेक्षक संघ एवं अन्य विभाग संगठन शामिल रहे साथ ही प्रशासन शहरों के संग गांवों के संग अभियान का बहिष्कार किया गया प्रदेश अध्यक्ष आईदान सिंह कविया प्रदेश महामंत्री तेजसिंह राठौड़ प्रदेश संघर्ष संयोजक महावीर शर्मा ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा विगत 3 वर्षों से हमारे 15 सूत्री मांग पत्र पर किसी भी प्रकार की कोई द्विपक्षीय वार्ता सरकार द्वारा नही की गई है जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारी में भारी आक्रोश है सरकार द्वारा सामंत कमेटी की सिफारिशों को आज दिन तक सार्वजानिक नहीं किया गया है एवं वेतन कटौती की अधिसूचना को वापस भी नहीं लिया है। सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों को सेवाकाल में पांच पदोन्नित के अवसर उपलब्ध करवाने कोरोना महामारी में शहीद हुए कर्मचारियों को 50 लाख की अनुग्रह सहायता स्वीकृत करवाने सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के सभी कर्मचारी आंदोलनरत है। राज सरकार द्वारा 15 सूत्री मांगों पर यदि सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा ।

भागवत कथा में कृष्ण सुदामा की मित्रता का रोचक वर्णन प्रस्तुत

गंगापुर सिटी (नि.स)। टोंकसी गांव स्थित खेडा वाले बालाजी धाम पर आयोजित भागवत कथा में भागवताचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा ने कृष्ण व जरासंध युद्ध की कथा का रोचक वर्णन किया। वहीं उन्होंने कृष्ण और सुदामा की कथा का वर्णन करते हुए कहा की कृष्ण और सुदामा बाल सखा थे परंतु कृष्ण तीन लोक के मालिक थे और सुदामा दरिद्र हो गया। जिससे उसे भरपेट भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा था। अपनी पत्नी के कहने पर सुदामा कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे तो सुदामा को फटे हाल देखकर द्वारपालों ने बाहर हीं रोक दिया। जैसे हीं सुदामा के आने का समाचार कृष्ण को मिला वो नंगे पांव दौडे और सुदामा को अपने गले से लगा लिया व उनके हाल चाल पूछते हुए उन्हें अपने सिंहासन पर बिठाकर कहा की इतने दिनों से मेरी याद क्यों नहीं आई और उन्होंने अश्रुधार से सुदामा के पैर धोयें। इस अवसर पर कृष्ण सुदामा की सजीव झांकी सजाई गई।

कैबिनेट मंत्री बनने पर विश्वेन्द्र सिंह का स्वागत

भरतपुर (निस) । राजस्थान सरकार के पुर्नगठन में डीग-कुम्हेर के विधायक श्री विश्वेन्द्र सिंह को केवीनेट मंत्री बनाये जाने के उपरांत पहली बार भरतपुर आने पर कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति भरतपुर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें संघर्ष समिति सहित अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत कर ढोल नगाडे के साथ सम्मान किया गया और मिठाई का वितरण किया गया।

वुधवार को भरतपुर होते हुए डीग-कुम्हेर के कार्यक्रमों में जाते समय राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र चौराहा पर केवीनेट मंत्री का स्वागत सम्मान का कार्यक्रम रखा गया जिसमें केवीनेट मंत्री के करकमलों से सर्वप्रथम ब्रज के आराध्य देव गिर्राज जी की पूजा अर्चना कराई गई तदुपरांत केवीनेट मंत्री का संघर्ष समिति के संयोजक जगराम धाकड के नेतृत्व में 51 किलो की माला एवं साफा बांधकर चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद रहे।

नगर निगम के उप महापौर गिरीश चौधरी के नेतृत्व में पार्षद रेनू गोरावर, शैलेश पाराशर, दाउदयाल जोशी, दीपक मुदगल, भास्कर शर्मा, समन्दर सिंह, अमरचंद, अशोक लवानियां एवं महेन्द्र तिवारी, डॉ. सुरेश यादव, सुबोध चंसोरिया, रमेश पाठक, योगेश उपमन, आदि ने माला एवं दुपट्टा पहनाकर केवीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति के यदुनाथ सिंह दारापुरिया, राजवीर चौधरी, विजय सिंह, मदनलाल राय, देवी सिंह, नरेश शर्मा, राजकुमार राजू, खूबीराम चौधरी, ओमप्रकाश मिश्रा, अशोक, गोपीकांत शर्मा, प्रवीण चौधरी, एन.एस चौधरी, किशन हवलदार, नारायन सिंह गुर्जर, समन्दर सिंह, राधेश्याम शर्मा, भगवान सिंह गुर्जर, तेज सिंह, मिठठन लाल द्वारा भी केवीनेट मंत्री का स्वागत किया गया। मौके पर भारी संख्या में पुरूश एवं महिलाएँ मौजूद थे। मंच का संचालन पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने किया। इस मौके पर गिर्राज जी का मिठाई प्रसाद उपस्थितजनों को वितरण भी किया गया। इस मौके पर गूजर महासभा के अध्यक्ष श्रीराम चंदेला, चरनदास, भरतपुर यूथ फैडरेशन के प्रभात धनकर, आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया।

फायरिंग की वारदात को लेकर सर्व समाज ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की

करौली (निं.सं) । करौली के कलेक्ट्री सर्किल चौराहे पर बीती रात एक पान की दुकान पर 40 रुपए के गुटखा,सिगरेट के दुकान द्वारा युवको से पैसे मांगने को लेकर हुई फायरिंग की घटना को लेकर दुकानदारों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताया और दुकानदारों ने फायरिंग की घटना के विरोध में एकत्रित होकर आक्रोश जताया।

फायरिंग की वारदात को लेकर आसपास के दुकानदार और सर्व समाज के लोग एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट सर्किल से पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।जहां पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा से मुलाकात कर लोगों ने फायरिंग की वारदात की जानकारी दी। विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को मामले से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी कार्यशैली सराहनीय है। लेकिन कल रात हुई घटना को लेकर शहर में सनसनी फैली हुई है और इससे पहले भी करौली में दो तीन बार फायरिंग की वारदात हो चुकी है जिससे लोगों में डर का माहौल व्याप्त है। और पुलिस की गश्त व्यवस्था सुचारू रूप से शहर के प्रमुख चौराहे कलेक्ट्रेट सर्किल से लेकर गुलाब बाग तक प्रभावी रूप से करवाने की बात कही।वही पूर्व पार्षद धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि जब हम शहर के मुख्य चौराहे पर ही सुरक्षित नहीं है तो फिर इससे ज्यादा सुरक्षित कहां रहेंगे और अब हम अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।वार्ड पार्षद थान सिंह मूडिया ने कहा कि करौली शहर में आए दिन हो रही वारदातों से शहर में डर का माहौल व्याप्त है।पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने सर्व समाज के लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द से जल्द अपराधियों को पकडा जाएगा और शहर में गस्त की व्यवस्था प्रभावी रूप से शुरू करवा दी जाएगी।

गौरतलब है कि महज 100 मीटर की दूरी पर जिले के आला प्रशासनिक अधिकारी निवास करते हैं और यहां पर फायरिंग की घटना होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खडा होता है जिससे दुकानदारों में भय का माहौल व्याप्त है।वहीं पुलिस की एफएसएल की टीम ने कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित पान की दुकान पर हुई फायरिंग की घटना के साक्ष्य सबूत जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष कुलदीप सिंह धाबाई, एसटी एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत बीजलपुर,तरुण शर्मा,धीरेन्द्र बैंसला, पूर्व पार्षद राजेन्द्र सारस्वत,रामजी गुप्ता सहित आसपास के दुकानदार और प्रमुख लोग उपस्थित थे।

आम सूचना

मैं राहुल सिंह जादौन जाति राजपूत निवासी गढी बाँधवा तह. हिण्डौन जिला-करौली शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे पिताजी महावीर सिंह पुत्र सोहन सिंह राजपूत के नाम एक गाडी एच.एफ डीलेक्स नं. आर.जे. 34 एस क्यू 8935 है। मेरे पिताजी का 17 जुलाई, 2021 को स्वर्गवास हो गया। उक्त गाडी को मेरे नाम से कराना चाहता हूँ। जिसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो जिला परिवहन कार्यालय करौली में 7 दिवस के अन्तराल आपत्ति दर्ज करा सकता है। बाद आपत्ति स्वीकार नही होगी।

पंचायत चुनाव की बढ़ी सरगर्मियां

करौली (निं.सं) करौली जिले मे इन दिनों पंचायत चुनाव एवं जिला परिषद चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। पंचायत चुनाव को लेकर करौली जिले सहित शहर में दिन भर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ता दिखाई दिया

करौली जिले में 8 पंचायत समितियों के 182 वार्ड और जिला परिषद के 27 वार्डों के लिए चुनाव होगा जिसकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस कार्यकर्ता टिकट की दावेदारी जताने के लिए जिले की विभिन्न पंचायतों से प्रतिनिधि भीड दिखाकर दावेदारी जता रहे हैं। वही भाजपा कार्यकर्ता इस बार पंचायत चुनाव एवं जिला परिषद चुनाव को लेकर मायूस दिखाई दे रहे हैं। पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने आलाकमान को साफ तौर पर बता दिया है। कि करौली जिले में प्रधान और जिला प्रमुख कांग्रेस के ही बनेंगे जिसको लेकर पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा पूर्ण तैयारी के साथ पंचायत चुनाव और जिला परिषद चुनाव के कार्य में जुट गए हैं पंचायत चुनाव और जिला परिषद चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस और भाजपा पार्टी ने जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी है वही करौली जिले कि 8 पंचायत समितियों मे प्रधान पद की कुर्सी और जिला परिषद की कुर्सी पर बैठने के लिए दावेदारों ने भी ताल ठोक दी है। टिकट के दावेदारों की भीड दिन भर पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा के निवास स्थान पर लगी रही वही पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा को ग्रामीण ने सिर का मुकुट भेंट कर टिकट की दावेदारी दिखाई। इधर करौली विधायक लाखन सिंह मीणा ने भी सक्रियता दिखाते हुए पंचायत चुनाव एवं जिला परिषद चुनाव में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से कडी से कड़ी जोड कर कांग्रेस की सरकार बनाने की बात कही जिस प्रकार जिले में चारों विधायक कांग्रेस से हैं उसी प्रकार पंचायत चुनाव और जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूत नजर आ रही है। वही भाजपा की सक्रियता पंचायत चुनाव में कम दिखाई दे रही है। इस बार जिले में श्री महावीर जी और मासलपुर नवगठित पंचायत है जहां पर पहली बार प्रधान बनेंगे।

क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : विश्वेन्द्र सिंह

■ **पूंछरी का लौठा में खोला जायेगा औषधालय एवं वेलनेस सेंटर : डॉ. गर्ग**

भरतपुर, (निस)। पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के मुख्य अतिथ्य में व राज्य मंत्री डॉ सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में भरतपुर के अंतिम शासक सवाई बृजेन्द्र सिंह की 103 वी जयंती पर खादी मैदान कुम्हेर में पुष्पाजंलि सभा का आयोजन किया।

पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने सवाई बृजेन्द्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के समस्त विधायक भरतपुर के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए माढेरा रूंध तथा कुम्हेर के पशुपालन विभाग की पुरानी पडी हुई जगह पर गौशाला की व्यवस्था की जाएगी तथा क्षेत्र में पीने का पानी भी जल्द ही घर-घर पहुँचेगा। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भरतपुर से चार मंत्री बनाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरोसा जताया है उस पर हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खाद-बिजली की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंच विकास के लिए मिलने वाली राशि का सही उपयोग करें ताकि गांवों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्य भी अपने कर्तव्य का पालन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए आगे आऐं। इस अवसर पर आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर के चारो मंत्री जिले में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे। इस दौरान राज्य मंत्री गर्ग ने घोषणा की कि पूछरी का लौठा पर 25 करोड की लागत से आयुर्वेद विभाग का औषधालय एवं वेलनेस सेंटर खोला जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजीव सिंघल की अगुवाई में पार्षदों ने चाँदी का मुकुट एव साफा बांधकर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष केदार सैनी, सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश नीबो, हेमलता, संजू सोनी, बावी पहलवान लाखन, हरीओम जया, हरेंद्र थेरावर, उदयवीर सूरौता, शक्ति सिंह, सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

इसके पश्चात पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने डीग में भरतपुर रियासत के अंतिम शासक रहे सवाई बृजेन्द्र सिंह की 103 वीं जयंती के अवसर पर कस्बे के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर पहुंचकर अपने पिता सवाई बृजेंद्र सिंह को जनता का सच्चा सेवक बताते हुए सवाई बृजेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

सर्व समाज के लोगों ने करौली पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को फायरिंग की घटना की जानकारी दी।

प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिए

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका रूपबास (भरतपुर)

क्रमांक-2592 **लोक सूचना** दिनांक: 22.11.2021

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	प्रयोजन	आवेदक का नाम/ पिता/पता	ग्राम का नाम एवं खसरा नं.	क्षेत्र
1	लघु उद्योग (औद्योगिक)	श्री टेकचन्द पुत्र श्री गिर्राज जाति-कोली निवासी-कोली पाडा रूपबास	रूपबास आराजी खसरा नं. 2278/ 1333 रकवा 1-09 विघा	2048 वर्गमीटर
2	लघु-उद्योग (औद्योगिक)	श्री निर्भय लाल पुत्र श्री नत्थीलाल जाति- जाटव निवासी- महलपुर काछी, रूपबास	रूपबास आराजी खसरा नं. 2076 /1319 रकवा 1.05 विघा, 1331/2 रकवा 0-14 विघा, 1323 रकवा 1-05 विघा एंव 1329 रकवा 1-01 विघा	775 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम,1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 22.11.2021 को जारी की गई। **प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका रूपबास**